# आईआईएम रांची का शत प्रतिशत समर प्लेसमेंट

रांची | प्रमुख संवाददाता

आईआईएम रांची ने पीजीडीएम और पीजीडीएचआर कार्यक्रमों (2018-20) में शत-प्रतिशत समर प्लेसमेंट पूरा किया है। इसमें 106 कंपनियों की भागीदारी रही। 253 विद्यार्थियों (पीजीडीएम- 186 व पीजीडीएचआरएम- 67) को बिक्री और विपणन, वित्त, संचालन और सामान्य प्रबंधन, आईटी व विश्लेषिकी, परामर्श और मानव संसाधन प्रबंधन, रणनीति और रणनीति के कार्यात्मक क्षेत्रों में अहम जिम्मेदारी की पेशकश की गई है। पीजीडीएम बैच के लिए इंटर्नशिप के लिए औसत स्टाइपेंड में 6.45% की वृद्धि और 90,830 रुपए तक रहा। जबकि, पीजीडीएचआरएम बैच के लिए औसत स्टाइपेंड में 10.06% की वृद्धि और 95,152 रुपए तक रहा। पीजीडीए बैच के टॉप 25% के लिए औसत स्टाइपेंड 1,71,587 रुपए और पीजीडीएचआरएम के लिए 1,65,788 रुपए रहा।

**60 कंपनियां पहली बार आईं :** प्रमुख कंपनियों के अलावा लगभग 60 कंपनियां पहली बार आईआईएम रांची में प्लेसमेंट के लिए आईं। अर्न्स्ट एंड यंग, फ्लिपकार्ट, गोल्डमैन सैक, जेएसपीएल, माइक्रोलैंड, ओला, सीमेंस, टाइटन एंड अल्ट्राटेक जैसी कंपनियों ने पहली बार आईआईएम के विद्यार्थियों को अपने समर इंटर्नशिप कार्यक्रमों से जोड़ा।

## 253 छात्रों को फायदा

- पीजीडीएम बैच के इंटर्नशिप के लिए औसत स्टाइपेंड 90,830 रुपए
- पीजीडीएचआरएम बैच के लिए औसत स्टाइपेंड 95,152 रुपए रहा
- पीजीडीए बैच के टॉप 25% के लिए औसत स्टाइपेंड 1,71,587 रुपए रहा

## सर्वाधिक 44 प्रतिशत भूमिका बिक्री और विपणन डोमेन में

विद्यार्थियों को बिक्री और विपणन डोमेन में सर्वाधिक 44% से अधिक, इसके बाद वित्त में 16% और संचालन में 15% महत्वपूर्ण भूमिका मिली। जो कंपनियां आईं, उनमें एसीजी वर्ल्डवाइड, बर्जर पेंट्स, बीपीसीएल, कैपजेमिनी, कॉग्निजेंट, कमिंस, डेलोइट, इमामी, गूगल, एचपी, आईसीआईसीआई बैंक, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड, लॉरेन एंड टुब्रो, आरबीएल बैंक, रॉबर्ट बॉश, आरपीजी ग्रुप, सैमसंग आरएंडडी, सोनी पिक्चर्स सदरलैंड, टाटा स्टील, वैल्यूलैब्स, वेदांत, विप्रो कंज्यूमर केयर एंड यस बैंक, आदि कंपनियों ने बिजनेस डेवलपमेंट एंड स्ट्रैटेजी, कैंपेन मैनेजमेंट, इक्विटी रिसर्च, कॉर्पोरेट फाइनेंस, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, ऑपरेशंस एनालिटिक्स, ऑफर कीं।

Hindustan, 16.01.2019, Pg. 06